# Placement News

## प्लेसमेंट ड्राइव आज, 14.56 लाख तक पैकेज

लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बुधवार को जारो एजुकेशन कंपनी की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की जाएगी। यह भर्ती मैनेजमेंट ट्रेनी (एजुकेशन कंसल्टेंट) पदों के लिए होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार लखनऊ (जोन-2) के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 40,000 प्रतिमाह निर्धारित वेतन, तीन हजार रुपये यात्रा भत्ता, 25 हजार रुपये तक मासिक प्रोत्साहन और चार लाख रुपये वार्षिक परफार्मेंस-कम-कंटिन्यूटी बोनस दिया जाएगा। इस प्रकार कुल वार्षिक सीटीसी 12,16,000 निर्धारित है। वहीं, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई एवं गुरुग्राम (जोन-1) के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 50 हजार रुपये प्रतिमाह तय वेतन सहित अन्य लाभ प्रदान किए जाएंगे, जिससे कुल वार्षिक सीटीसी 14,56,000 तक होगी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राएं पंजीकरण करके शामिल हो सकते हैं। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध कराना है। वि

लखनऊ | मंगलवार • 10.02.2026

my city अमर उजाला 7

## भाषा विश्वविद्यालय में रोजगार मेला आज

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को सेवायोजन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन होगा। इस मेले में टाटा मोटर्स, फ्लिपकार्ट सहित कुल 21 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां भाग लेंगी, जिनके माध्यम से लगभग 1500 पदों पर भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले में 12वीं पास, स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को प्रोमोटर, असिस्टेंट मैनेजर, एटीएम ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव सहित विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। सभी प्रतिभागियों के लिए रिपोर्टिंग समय सुबह 9:30 बजे निर्धारित किया गया है। (संवाद)

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com

रोजगार मेले में 1227 अभ्यर्थियों ने कराया था पंजीकरण, 21 कंपनियों ने लिया हिस्सा

# भाषा विश्वविद्यालय में रोजगार की बहार, 425 युवाओं को मिली नौकरी

**मौका**

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** भाषा विवि में मंगलवार को लगे जॉब फेयर में नौकरी के चयन की जानकारी मिलते ही युवा खुशी से झूम उठे। करीब 100 युवा घर में पहले नौकरी पाने वाले सदस्य बने। इन्हें टाटा मोटर्स, एचसीएल व आईसीआईसीआई समेत दूसरी बड़ी कम्पनियों में पहले प्रयास में नौकरी का अवसर मिला है। ये चयनित युवा बीटेक, एमबीए के अलावा आईटीआई, पॉलीटेक्निक, इंटर, स्नातक पास हैं। उत्साहित युवाओं ने कहा कि यह सफलता एक नए जीवन की शुरुआत है। इनमें कुछ ने घरवालों तो कुछ ने दोस्तों को फोन कर नौकरी मिलने की खुशखबरी दी। रोजगार में यूपी समेत दूसरे प्रदेश की कम्पनियों ने 425 अभ्यर्थियों विभिन्न पदों के लिये चयन किया है। कम्पनियां चयनितों को 15 से 30 हजार रुपये मासिक पैकेज देंगी।

भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने रोजगार मेले का उदघाटन किया। जॉब फेयर में टाटा मोटर्स, फ्लिपकार्ट, एचसीएल, आईसीआईसीआई बैंक समेत अनेक प्रमुख 21 निजी कंपनियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवाओं के लिये सुनहरा अवसर है। जॉब फेयर के जरिए हर प्रतिभा को उसकी योग्यता के मुताबिक प्लेटफॉर्म मिल रहा है। चयनितों से कहा कि काम में गंभीरता बरतें। ताकि विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो और कंपनियां अगले साल फिर आएं।



भाषा विवि में मंगलवार को लगे जॉब फेयर में चयन के बाद अभ्यर्थियों और शिक्षकों ने खुशियां मनाईं।

## विदेशों में भी मौका

सेवायोजन विभाग के अतिरिक्त निदेशक सूर्यकांत कुमार ने कहा कि विदेशों में बहुभाषी नौकरियों के लिए बहुत से अवसर हैं। भाषा विश्वविद्यालय में ऐसे बहुत से विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। ये सभी बहुभाषी नौकरियों के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की पहल पर इन कंपनियों ने योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया है।

## इन पदों पर हुआ चयन

सुमन मिश्रा ने बताया कि युवाओं को चयन प्रोमोटर, असिस्टेंट मैनेजर, एटीएम ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव, डेटा एनालिस्ट और तकनीकी सहायक के पद पदों पर हुआ है। कम्पनियां पद के हिसाब से 15 से 30 हजार मासिक पैकेज चयनितों को देने की घोषणा की है। इस मौके पर डॉ. दीक्षा मिश्रा, डॉ. नीरज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**100** युवा घर में पहले नौकरी पाने वाले सदस्य बने

## 80% पहले प्रयास में सफल

प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के प्रमुख सुमन मिश्रा ने बताया कि सेवायोजन विभाग के सहयोग से आयोजित रोजगार मेले में 1227 विद्यार्थियों ने पंजीकरण किया था। कम्पनियों ने साक्षात्कार के जरिये 425 युवाओं का चयन सुनिश्चित किया। इनमें करीब 80 फीसदी युवाओं को पहले प्रयास में नौकरी मिली है। यूपी, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखण्ड समेत दूसरे राज्यों की कम्पनियां आईं।

# भाषा विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने बनाया 100 प्रतिशत प्लेसमेंट का रिकॉर्ड



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने इस वर्ष एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए शत-प्रतिशत प्लेसमेंट का रिकॉर्ड स्थापित किया है। विभाग के अंतिम वर्ष के चार और विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी Whirlpool Corporation, पुणे में आकर्षक पैकेज पर चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में राम सिंह, अब्दुल्ला अंसारी, सद्दाम हुसैन एवं सौरव यादव शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता से विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सैय्यद असग़र रिज़वी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा विभाग की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने इस अवसर पर ये प्लेसमेंट प्रक्रिया प्रदान करने वाली कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की डॉ शान ए फ़ातिमा के प्रति आभार भी व्यक्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजय तनेजा ने चयनित विद्यार्थियों एवं विभाग को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट रोजगार अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। विश्वविद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।